वाराणसी में खाना पकाने के गैस के कनेक्शन

1835. **श्री निहाल सिंह:** क्या पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में खाना पकाने की गैस के पहले से ही दिये गये कनेक्शनों की संख्या कितनी है; और

(ख) कनेक्शन के लिये विचाराधीन पड़े हुये आवेदनों की संख्या कितनी है और इन आवेदकों को गैस कनेक्शन मिलने की संभावना कब तक है?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल): (क) इंडियन आयल कारपोरेशन ही केवल एक तेल कम्पनी है जो वाराणसी में तरल पेट्रोलियम गैस का विपणन कर रहा है। उक्त कारपोरेशन के पास अप्रैल 1980 के अन्त तक वाराणसी शहर में 17668 ग्राहक हैं।

(ख) आई ओ सी के पास वाराणसी में अप्रैल 1980 के अन्त तक कुल 5234 व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में दर्ज हैं। बड़े पैमाने पर नये गैस कनेक्शन बम्बई हाई से प्राप्त होने वाली गैस से तरल पेट्रोलियम गैस को निकालने और मथुरा और कोयाली शोधनशालाओं में इस उत्पाद की अतिरिक्त उपलब्धता होने की सुविधाओं के चालू होने से 1981 के प्रारम्भ में दिये जाने की सम्भावना है।

गीता कालोनी और कालकाजी नई दिल्ली में विस्थापित व्यक्तियों के लिए निर्मित मकान

1836. **श्री निहाल सिंह:** क्या पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई दिल्ली के गीता कालोनी और कालकाजी में अलग-अलग विस्थापित व्यक्तियों के लिए कितने मकानों का निर्माण किया गया और ये मकान कितने भू-क्षेत्र पर बनाये गये और इन पर कितनी लागत आई; और

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम ने उक्त कालोनियों में निर्मित मकानों की रख-रखाव सम्बन्धी जिम्मेदारी निभाने से मना कर दिया है और उसके कारण क्या है?

पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पी. के. थुंगन): (क) अपेक्षित जानकारी नीचे दी गई है:--

	मकानों की संख्या	भू-क्षेत्र	कुल लागत (लाख रुपये में)
गीता कालोनी	3056	3,05,600 वर्ग गज	45.07
कालकाजी कालोनी	1490	2,33,380 वर्ग गज	86.18

(ख) मकानों के रख-रखाव के लिये सामान्यतया पृथक-पृथक मालिक जिम्मेदार होने चाहिएं।

बिजली घरों को कोयले की मासिक आवश्यकता

1837. **श्री निहाल सिंह:** क्या ऊर्जा और कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों के दौरान राजधानी में बिजली घरों द्वारा मांगी गई कोयले की मात्रा कितनी है और उन्हें सप्लाई किये गये कोयले की मात्रा कितनी है?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन): वर्ष 1978-79 तथा 1979-80 के दौरान राजधानी के बिजली घरों को स्थायी लिंकेज समिति द्वारा किया गया कोयले का माहवार आबंटन तथा वास्तविक प्राप्तियां दिखाने वाला विवरण उपाबंध के रूप में संलग्न है।